# श्रद्धालुओं ने बाबा रामदेव के विवाह की रस्म निभाई

**पोकरण**, (निसं)। जोधपुर से पोकरण पहुंचे पदयात्री संघ की ओर से गत दो दिनों से कई धार्मिक अनुष्ठानों का आयोजन किया जा रहा है। जिससे पोकरण में चारों तरफ बाबा के जयकारे गूंज रहे है और माहौल भी धर्ममय हो गया है।

बाबा रामदेव के भादवा मेले में इन दिनों रामदेवरा सहित पोकरण में भी श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ रही है। जोधपुर से आने वाले पदयात्री संघ रामदेवरा में बाबा की समाधि के दर्शनों से पूर्व पोकरण में एक रात्रि विश्राम कर धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन करते है। ऐसे में रामदेवरा के साथ पोकरण में भी मेले जैसा माहौल देखने को मिलता है। जोधपुर सोजती गेट सर्वसमाज पदयात्री संघ के सैकडों सदस्य बुधवार को पोकरण पहुंचे और बुधवार व गुरुवार को विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया। पदयात्रियों के पडावस्थल राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय मैदान में गत दो दिनों से चहल पहल लगी हुई है।

गौरतलब है कि बुधवार को सोजती गेट के 36 कौम पदयात्री संघ के अलावा जोधपुर के अन्य हिस्सों व समाजों के संघ पोकरण पहुंचे थे। जिन्होंने झंडा रैली निकाली थी। जिसके बाद बुधवार को दिनभर कस्बे के मुख्य मार्ग पदयात्रियों से अटे नजर आ रहे थे। हालांकि अन्य पदयात्री संघ गुरुवार को अलसुबह रामदेवरा के लिए रवाना हो गए, लेकिन सोजती गेट संघ गुरुवार को पूरे दिन पोकरण में ही रहा और कई कार्यक्रम हुए। सर्वसमाज के संघ की ओर से गत कई वर्षों से पोकरण में पड़ाव स्थल पर बाबा रामदेव के विवाह की रस्म अदा की जाती है। इसी के अंतर्गत संघ के सदस्यों ने बुधवार को मध्यरात्रि में पडाव स्थल पर बाबा रामदेव के विवाह प्रसंग का आयोजन किया। इस दौरान कलाकारों ने बाबा रामदेव व राणी नैतलदे के रूप में स्वांग रचकर विवाह की रस्म अदा की। इसके अलावा पूरी रात जागरण का आयोजन हुआ। इसमें श्रद्धालु भजनों पर झूमते रहे।

कस्बे के राउमावि मैदान में डाले गए पडाव के दौरान कई धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। गुरुवार को महिलाओं ने हाथों पर मेहंदी रचाई। इसके अलावा भजन गायकों ने दिनभर भजनों की प्रस्तुतियां दी। जिस पर श्रद्धालु भाव विभोर होकर झूमते नजर आए। साथ ही सैकडों पदयात्रियों ने भजनों का आनंद लेते हुए दिनभर विश्राम किया।

वही प्रतिवर्ष आने वाले इस संघ के सदस्यों ने बताया कि यह संघ जोधपुर से आने वाला सबसे पुराना पैदल यात्री संघ है, जो गत चार दशकों से लगातार मेले के दौरान यहां आता है और बाबा रामदेव की समाधि के दर्शन व प्रसादी के बाद जोधपुर रवाना होता है। उन्होंने बताया कि इस संघ में एक अनूठी परंपरा रही है कि संघ में आने वाले सभी पुरुष व महिलाएं अपने आप को भाई बहिन मानते हुए साथ चलते है और पोकरण में रक्षाबंधन का पर्व मनाते है। जोधपुर से पोकरण तक आठ दिन के पैदल सफर में सभी यात्री भाई बहिन की तरह साथ रहते है। पोकरण में पडाव के मौके पर महिलाओं की ओर से अपने साथ आए पुरुषों की कलाई पर रक्षासूत्र बांधकर हर्षोल्लास के साथ रक्षाबंधन का पर्व मनाया जाता है। गुरुवार को यहां पदयात्री संघ के साथ आई महिलाओं ने पुरुष पदयात्रियों की कलाई पर रक्षासूत्र बांधकर तीर्थस्थल पर धर्मभाई बनाने की रस्म निभाई।

## एक-एक क्विंटल के बडे घोड़े लाए

जोधपुर से पदयात्री संघों के साथ ही कपडे के घोडे लेकर श्रद्धालु रवाना होते है। साथ ही एक वाहन में बाबा रामदेव का मंदिर सजाया होता है। जिसमें प्रतिदिन सुबह व शाम पूजा-अर्चना की जाती है। कपडे के घोड़ों को पडाव स्थल पर मंदिर के साथ सजाकर रखा जाता है। कस्बे के राउमावि मैदान में ये घोडे आकर्षण का केन्द्र रहे। इसी प्रकार गुरुवार को दोपहर दो बडे कपडे के घोडे लेकर पदयात्री पोकरण पहुंचे। इन घोडों की ऊंचाई 15 से 17 फीट है और इनका वजन एक क्विंटल से भी अधिक है। इन घोडों को भी राउमावि मैदान में पडाव स्थल पर लाकर रखा गया, जो आकर्षण का केन्द्र बन गए।

## पटेल ने मसूरिया मंदिर में पूजा की

**जोधपुर**, (कासं) । संसदीय कार्य विभाग, विधि एवं विधिक कार्य मंत्री जोगाराम पटेल ने शुक्रवार को बाबा रामदेव की दसवीं के अवसर पर मसूरिया स्थित बाबा बालीनाथ मंदिर पहुंचकर श्री रामदेव जी महाराज के दर्शन कर पूजा-अर्चना की। इस अवसर पर गुरु पूज्य बाबा बालीनाथ की समाधि के दर्शन किए एवं आशीर्वाद प्राप्त कर अखंड ज्योति के दर्शन किए। पटेल ने प्रदेश की खुशहाली एवं समृद्धि के लिए कामना की।

## राहत कार्य जारी

**बाड़मेर**, (नि.सं.)। बाड़मेर जिला मुख्यालय पर बलदेव नगर में जल भराव की समस्या के समाधान के लिए गठित टास्क फोर्स के प्रयास से बारिश के पानी की निकासी एवं कई गलियों में रास्ता दुरूस्तीकरण से आमजन को खासी राहत मिली है। मड पंप के माध्यम से पानी निकासी के साथ आमजन की आवाजाही के लिए रास्तों को दुरूस्त किया जा रहा है। कलैक्टर टीना डाबी ने पदभार संभालने के उपरांत उपखंड अधिकारी के निर्देशन में टास्क फोर्स गठित करते हुए बलदेव नगर में जल भराव की समस्या का स्थाई समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए थे।

# रामदेवरा में जोधपुर आई.जी. ने जांची सुरक्षा व्यवस्थाएं

**पोकरण /रामदेवरा**, (निसं)। पुलिस महानिरीक्षक रेंज जोधपुर विकास कुमार ने शुक्रवार को रामदेवरा पहुंचकर बाबा रामदेवजी की समाधी के दर्शन कर विश्व विख्यात बाबा रामदेव मेला परिसर, रामसरोवर तालाब, रूणेचा कुआ का भम्रण कर सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया। विभिन्न सुरक्षा एजेंसियों से मिलकर सुरक्षा व्यवस्था के हालात ज्ञात किए गए एवं आपस में समन्वय स्थापित कर सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ करने के विशेष दिशा निर्देश दिए गए।

मेले में आने वाले श्रद्धालुओं एंव पैदल यात्रियों से रूबरू हुए एवं मेला कमेटी व मेले में लगें कर्मचारियों/ अधिकारियों से रामदेवरा मेला के हालात ज्ञात किये। मेला में श्रद्धालुओं को दर्शन के दौरान किसी प्रकार की अव्यवस्था नहीं होने, भयमुक्त होकर आराम से दर्शन करने बाबत आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। भम्रण के दौरान जिला पुलिस अधीक्षक जैसलमेर सुधीर चौधरी, गोपालसिंह भाटी अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पोकरण, भवानीसिंह वृताधिकारी वृत पोकरण, शंकरलाल उनि थानाधिकारी पुलिस थाना रामदेवरा साथ रहे। महानिरीक्षक पुलिस रेंज जोधपुर द्वारा उच्चाधिकारीयों को मेला में सुरक्षा व्यवस्था एवं डयुटी में लगें कर्मचारियों व अधिकारीयों को रामदेवरा आने वाले श्रद्धालुओं की सच्ची सेवा भाव से ड्युटी करने एवं और बेहतर पुलिस इन्तजामात् करने, होटलों, सरायों एवं धर्मशालाओ की चैंकिग एवं डेरो एवं संदिग्धान को चैक कर विधीसमत कार्यवाही करने के दिशा निर्देश दिये गये।

## पुलिस ने तत्परता से बाइक तलाशी, चोर पकड़ा

जिला पुलिस अधीक्षक जैसलमेर सुधीर चौधरी के निर्देशन में, पुलिस थाना रामदेवरा द्वारा त्वरित कार्यवाही कर मोटरसाईकिल चोरी की वारदात का खुलासा कर मुल्जिम को किया गया। ज्ञात रहे कि 9 सितम्बर को प्रार्थी सुनिल सिहं पुत्र मखन सिह जाति रायसिख निवासी गावं सीड फार्म पक्का पुलिस थाना अबोहरजिला फाजिल्का (पजाबं) ने पुलिस थाना रामदेवरा पर रिपोर्ट पेश की कि मैं रामदेवरा दर्शन के लिए आया था। सुबह 8 बजे मेरी मोटरसाइकिल स्पलेण्डर प्लस जो मेने रामदेवरा कस्बा में नोखा चैराहा पर मेरी मोटरसाइकिल खडी की थी मैं दर्शन कर वापिस मेरी मोटरसाइकिल के पास आया तो मेरी मोटरसाइकिल नहीं मिली जिसे कोई अज्ञात चोर चुरा कर ले गया। वगैरा रिपोर्ट पर प्रकरण दर्ज कर अनुसंधान शुरू किया गया। पुलिस ने चोरी की गम्भीरता को देखते हुए जिला पुलिस अधीक्षक जैसलमेर सुधीर चौधरी के आदेशानुसार गोपालसिंह भाटी अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पोकरण के निर्देशन में भवानीसिंह वृताधिकारी वृत पोकरण के सुपरविजन में शकरलाल उनि थानाधिकारी पुलिस थाना रामदेवरा के नेतृत्व में पुलिस टीम का गठन कर टीम द्वारा आसूचना संकलन कर तकनीकी सहयोग से मुल्जिम संजय कुमार पुत्र बुधराम जाति नायक निवासी कुताबड सिरसा हरियाणा हाल निवासी नापासर बीकानेर को दस्तयाब कर बाद पूछताछ गिरफ्तार किया गया। मुल्जिम के कब्जा से प्रकरण में चोरी गई मोटरसाईकिल बरामद की गई। मुल्जिम को बाद अनुसंधान माननीय न्यायालय में पेश कर न्यायिक अभिरक्षा में भिजवाया गया। प्रकरण में विस्तृत अनुसंधान जारी हैं।

# सीनियर सिटीजन पार्क में 8 श्रेष्ठ शिक्षकों को नेशन बिल्डर अवार्ड दिया

**जालोर**, (कासं) रोटरी क्लब जालोर के तत्वाधान में 8 शिक्षकों को नेशन बिल्डर अवार्ड से सम्मानित किया एंव विचार गोष्ठी आयोजित हुई। रोटरी क्लब जालोर के अध्यक्ष संजय सुंदेशा ने जानकारी देते हुए बताया क शिवाजी नगर स्थित सीनियर सिटीजन पार्क हाल में नेशनल बिल्डर अवार्ड समारोह एंव विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए जालोर जिले के 8 श्रेष्ठ शिक्षकों को नेशन बिल्डर अवार्ड से सम्मानित किया गया ।

इस मौके पर रोटरी इंटरनेशनल डिस्ट्रिक्ट 3055 के डिस्ट्रिक्ट गवर्नर मोहन पाराशर ने रोटरी के रोटरी इंडिया साक्षरता मिशन प्रकल्प के तहत अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि आज शिक्षा और शिक्षक दोनों की समाज निर्माण में अहम भूमिका है। शिक्षक हमारे जीवन के स्तंभ होते है और यह नेशन बिल्डर अवार्ड शिक्षकों को शिक्षा कें क्षेत्र में उनके विशेष योगदान के लिए दिया जा रहा है।

कार्यकम के उद्बोधन में पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष रविन्द्र सिंह बालावत ने बताया कि शिक्षा एवं शिक्षकों में समयानुसार बदलाव की आवश्यकता है और हमें एक नई द्रष्टि एवं नये दृष्टिकोण के साथ तनावमुक्त शैक्षणिक वातावरण सृजित कर शिक्षा की दिशा को सही दिशा की ओर ले जाना होगा । रोटरी जोन -14 के सहायक प्रांतपाल डां पवन औझा ने बताया कि शिक्षकों का सम्मान हमारे लिए गर्व की बात है शिक्षक हमारे जीवन में मार्गदर्शन करते हुए शिक्षा के द्वारा महत्वपूर्ण भागीदारी निभाते है। आरसीसी के अध्यक्ष नारायण लाल भट्ट ने भी अपने वक्तव्य में बताया कि शिक्षा से जुडे लोगों को नई सोच के साथ आगे आना होगा । जरूरी है कि हम सब मिलकर शिक्षा के हर क्षेत्र को नई दिशा प्रदान करें । सीनियर सिटीजन फोरम के ललित कुमार दवे ने अपने वक्तव्य में बताया कि सभी शिक्षक मां सरस्वती के पुत्र है उनकों अपने सेवाभाव उदेश्य के साथ अपने विधालय में छात्र एवं छात्राऔ का सर्वांगीण विकास की ओर ध्यान केंद्रित करना चाहिए । इसी म में परमानन्द भट्ट और पुरूषोत्तम पोमल एवं नन्द किशोर जैथलिया ने भी अपने अपने वक्तव्य दिये । कार्य म में जालोर जिले से 8 श्रेष्ठ शिक्षकगण सम्मानित हुए सभी शिक्षकगण एवं शिक्षिकाऔं का सर्टिफकिट और शौल ओढाकर स्वागत किया गया जिसमें रा.उ.मा.विद्यालय निंबोडा,भीनमाल से नारायण लाल और उनके विधालय की टीम ने विधालय को विभिन्न रंग रोगन से पर्यटक स्थल जैसा वातावरण तैयार एवं विभिन्न नवाचार किये साथ ही 90 प्रशित से अधिक अंक लाने वाले विद्यार्थियों को स्वयं के खर्चे से हवाई यात्रा करवाई । इसके अलावा नेशन बिल्डर अवार्ड से सम्मानित हुए शिक्षकगण आर्दश विधा मंदिर जालोर के मुकेश चन्द्र माथुर ,रा.उ.मा.विद्यालय तीखी से विजय भंडारी एवं विंजाराम, महात्मा गांधी त्रश1ह्व.स्कूल शिवाजी नगर के प्रधानाचार्य मनीष ठाकुर , शिक्षिकाऔ में रा.उ.मा.विद्यालय जालोर से प्रियंका शर्मा , रा.उ.मा.विद्यालय सामतीपुरा से श्रीमती श्वेता ,रा.प्रा.विधालय तालियना से देविका लामरोड ने शिक्षा के प्रति अपनी सेवाऐं एवं उपलब्धियों का वक्तव्य दिया । रोटरी डिस्ट्रिक्ट से`टरी कानाराम परमार ने कार्य म का संचालन करते हुए बताया कि ये अवार्ड रोटरी इंटरनेशन के टीचर सपोर्ट अभियान के तहत सम्पूर्ण विश्व में शिक्षा के प्रति समर्पित शिक्षको दिया जाता है।

इस अवसर पर रोटरी क्लब जालोर के सचिव ष्ट जीशान अली ,क्लब मेंबरशिप चेयर विनीता औझा ने सभी नेशन बिल्डर अवार्ड समारोह में उपस्थित सभी सम्मानित शिक्षकगण एवं शिक्षिकाऔं और पधारे हुए वरिष्ठ नागरिक एवं मेहमानों का स्वागत भाषण और आभार और अभिनंदन प्रकट किया कार्य म में सहायक प्रांतपाल तरूण सिद्धावत, पूर्व अध्यक्ष डुंगरसिंह राठौड,कोषाध्यक्ष दिनेश कुमार सुंदेशा, डां.कृष्णा अरोडा, औमप्रकाश चौधरी,सिनियर सिटीजन फोरम के देवेन्द्र नाग भी उपस्थित रहे।

# सेपक टकरा व कराटे प्रति. का समापन समारोह आयोजित

**पोकरण,** (निसं)। सरस्वती विद्या मंदिर उच्च माध्यमिक विद्यालय पोकरण में 8 सितंबर से शुरू हुई 68 वीं जिला स्तरीय सेपक टकरा व कराटे प्रतियोगिता 17 व 19 वर्ष छात्र/छात्रा का गुरुवार शाम को समापन समारोह आयोजित किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में पोकरण विधायक महन्त प्रतापपुरी महाराज नै अपने उद्बोधन के दौरान कहा कि शिक्षा के साथ-साथ खेल मनोरंजन जीवन में जरूरी है भारत को विश्व गुरु बनानाहै आने वाले भविष्य में नौजवान युवाओं में शिक्षा के साथ खेलकूद से शरीर स्वस्थ एवं मानसिक रूप से परिपूर्ण होता हैवहीं

कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर पालिका अध्यक्ष मनीष पुरोहित ने कहां की स्वस्थ शरीर के लिए खेलकूद व्यायाम योग अति महत्वपूर्ण है वहीं शिक्षा के साथ-साथ खेलकूद में बढ चढकर युवाओं को भाग लेना चाहिए।विशिष्ट अतिथि के रूप में सीबीईओ पोकरण हेमशंकर जोसी पार्षद दिनेश व्यास , भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष मुकेश शर्मा उपस्थित थे। कार्यक्रम की शुरुआत में सभी अतिथियों द्वारा सरस्वती माता की तस्वीर के आगे द्वीप प्रज्जवलित कर की। विद्यालय द्वारा सभी अतिथियों का माल्यार्पण व साफा पहनाकरस्वागत किया गया।

विद्यालय के छात्र छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक व रंगारंग कार्क्रम प्रस्तुत किया गया। संयोजक के रूप में विद्यालय के प्रधानाचार्य गिरिराज ओझा ने प्रतियोगिता प्रतिवेदन प्रस्तुत किया । वही प्रतियोगिता के प्रभारी शारिरिक शिक्षक ने सेपक टकरा व कराटे खेल का विस्तार से परिचय दिया। व्यवस्थापक सुरेन्द्र केवलिया बताया गया कि 19 वर्ष छात्र कराटे में सरस्वती विद्या मन्दिर चैम्पियन रही ।छात्रा19 वर्ष में मॉडल स्कूल चैम्पियन रही तो वही 17 वर्ष कराटे में छात्र वर्ग में रा उ मा वि भणियाणा प्रथम रही और छात्रा में रा उ मा वि खेतोलाई प्रथम रही।

इसीप्रकार सेपक टकरा 17 वर्ष वर्ष छात्र व छात्रा दोनो वर्ग में रामदेवरा प्रथम रही में ओर 19 वर्ष में भी बरवम रामदेवरा प्रथम व छात्रा में रा उ मा वि गोमट प्रथम रही । संपूर्ण जिले से 19 टीमों के कुल 230 प्रतिभागियों ने खेल प्रतियोगिता में भाग लिया। सेपक टकरा व कराटे 17/19 छात्रा व छात्रा वर्ग के प्रतियोगिता संयोजक व प्रभारी कानसिंह तंवर जयप्रकाश रंगा घनश्याम माली उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि के रूप में पोकरण विधायक महन्त प्रतापपुरी महाराज व नारायण व नगर पालिका अध्यक्ष मनीष पुरोहित ,दिनेश व्यास मुकेश शर्मा हेमशंकर जोशी ने सौजन्य से सभी प्रतियोगियों, दल प्रभारियों, निर्णायकों को पारितोषिक वितरण के साथ सम्मान किया गया। सभी विजेता व उपविजेता खिलाड़ियों को नगर पालिका प्रतिपक्ष नेता नारायण रंगा के सौजन्य पुरस्कार दिए गए।

विद्यालय केअध्यापक देवीलाल पालीवाल,मुकेश शर्मा मोहम्मद फारुख ,आशीष जोशी,घनश्याम सुथार विष्णु व्यास विकाश दवे शोभा पुरोहित अनुसूइया पुरोहित, पूजा पंवार ने सराहनीय योगदान दिया। मुख्य अतिथि पोकरण विधायक ने के समापन की घोषणा व ध्वजावतरण करके ध्वज सीबीईओ हेमशंकर जोशी सुपुर्द किया।

# अमृता देवी सर्किल पर 363 दीप जलाए

**सांचौर**, (निसं)। समस्त विशनोई समाज सांचोर व व्यापारियो के द्वारा शहीदी दिवस के अवसर पर अमृता देवी सर्किल पर अमृता देवी अमर रहे अमर रहे के गूंज के साथ मूर्ति पर पोशाक पहनाने के बाद रात्रि को 363 दीप जलाकर श्रद्धांजलि दी गई।

बिश्नोई समाज की महिलाएं अपने विशनोई परिधान मे व पुरुष सफेद पोशाक मे वृक्ष बचाओ, पर्यावरण बचाओ रैली का आयोजन करते हुए सिर पर महिला कलश के साथअमृता देवी सर्किल से चार रास्ता, विवेकानंद सर्किल, चौधरी धर्मशाला व बिश्नोई धर्मशाला से अमृता देवी सर्कल तक पर्यावरण बचाओ रैली का आयोजन किया गया। इस अवसर पर समस्त बिश्नोई समाज के धर्म प्रेमी पर्यावरण प्रेमी पुरुष महिलाएं 363 खेजडली के बलिदान दिवस को याद करते हुए खेजडी की महत्ता, पर्यावरण की महत्ता के नारों से आम जन को जागरूकता का संदेश दे रहे है। आज खेजडी का महत्व बहुत ज्यादा और बढ गया है। खेजडी की सांगरी एवं खेजडी की द्वारा मिलने वाले ऑक्सीजन को लेकर जागरूक किया गया आज जगह-जगह खेजडी को काटा जा रहा है। इसको लेकर बिश्नोई समाज के लोगों ने खेजडी बचाओ रैली का आयोजन कर राजस्थान सरकार को संदेश दिया कि जहां भी खेजडी कट रहे हैं। उनको तत्काल रोका जाए एवं वैज्ञानिकता के इस युग में पर्यावरण के बारे में संदेश दिया।

इस मोके पर डॉक्टर भूपेंद्र बिश्नोई,जगदीश सारण दिनेश सारण धोलाराम सारण सेतान सारण मांगीलाल खोड कमलेश पवार ओमप्रकाश मांजू लालाराम साऊ, श्रवण सारण, पुनमाराम हनुमान बाबूलाल निंबाराम बिश्नोई, सुखराम विशनोई मांगीलाल खो? ओमप्रकाश मांजू सेतानजी सारण कमलेश पवार सेतान कावा सरवन सारण मोहनलाल विशनोई भामाशाह में भी हमारे समाज के लोग आगे आये भामाशाह भीखाराम गोदारा मोतीजी कावा किसन लाल साऊ सुरेश साऊ ओर भी समाज के लोग मौजिज थे।

## ध्वजारोहण किया

**जोधपुर**, (कासं)। श्री चिंतामणि पार्श्वनाथ जैन मंदिर गुरु के तालाब में वार्षिक ध्वजा कार्यक्रम संपन्न हुआ।

जैन मंदिर गुरुओं के तालाब में चातुर्मास हेतु विराजित गुरुदेव मुनि ज्यान रत्न विजय महाराज साहब मंदिर जी की ध्वजा चढाई गई। मंदिर के ट्रस्टी ओमप्रकाश चोपडा ने बताया कि गुरुदेव मुनि ज्यान रत्न विजय महाराज द्वारा भादवा सुदी दशम को चतुर्वेदी पूजा महावीर महिला मंडल पद्मावती महिला मंडल मुन्नी व्रत स्वामी पुण्य रेखा महिला मंडल की उपस्थिति में यह पूजा पढकर विजय मुहूर्त में लाभार्थी परिवार प्रदीप रेखा भंसाली सरिता प्रभात भंसाली द्वारा विधि विधान से मंदिर जी की ण्वजा चढाई गई। उसके बाद में भगवान की 108 दीपक की आरती व मंगल दीपक की गई और सामूहिक स्वामी वात्सल्य का आयोजन किया गया। सभी का संग पूजा का लाभ सुशीला ललित शाह कर्णावत परिवार में लिया। इस अवसर पर मंदिर को सजावट की गई इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए अरविंद जैन अशोक मेहता आदि के सहयोग से कार्यक्रम संपन्न हुआ।

# भीनमाल में नये आपराधिक कानून के तहत मामला दर्ज

**जालोर,** (कासं)। पुलिस थाना भीनमाल द्वारा नये आपराधिक कानून के तहत भारतीय न्याय सहिता, 2023 की धारा 111 के तहत् आर्थिक अपराध की श्रैणी में अभियुक्त रतनसिंह राठौड़ के विरूद्ध प्रकरण दर्ज हुआ।

प्राप्त जानकारी के अनुसार पुलिस के अनुसार परिवादीगण आसुराम पुत्र हीराराम उम्र 68 वर्ष कौम गर्ग पेशा सेवानिवृत सरकारी अध्यापक निवासी गर्ग गुरू मेघवाल बस्ती जुजांणी रोड़ कस्बा भीनमाल, मफीदेवी पत्नि फोजाराम कौम भील निवासी वाड़ा नया पुलिस थाना बागोड़ा, हरचंदराम पुत्र धीराराम, कौम भील निवासी सेवड़ी पुलिस थाना बागोड़ा, मंजूदेवी पत्नि डूंगराराम कौम भील निवासी वाड़ा नया थाना बागोड़ा, मसरीदेवी पत्नि गंगाराम बागरी निवासी नरता थाना भीनमाल, किशनसिंह पुत्र वरधसिंह कौम राजपुत निवासी दासपा पुलिस थाना भीनमाल, सरोज पत्नि प्रभाराम कौम मेघवाल निवासी धानसा पुलिस थाना रामसीन, ईश्वरलाल पुत्र तोगाराम कौम मेघवाल निवासी निम्बावास पुलिस थाना भीनमाल व भरत कुमार पुत्र तोगाराम उम्र 28 वर्ष कौम मेघवाल निवासी निम्बावास पुलिस थाना भीनमाल जिला जालोर अर्थात् कुल 09 परिवादियों के द्वारा विरूद्ध पेश इस्तगासे रतनसिंह राठौड पुत्र उम्मेदसिंह उम्र 40 साल पैशा प्रोपर्टी डीलर निवासी पीड़वा पुलिस थाना खुनखुना जिला डीडवाना हाल 339 सेक्टर ए सरस्वती नगर बासनी जोधपुर पुलिस थाना भगत की कोठी जोधपुर कमि. (राज.) वगैराह के द्वारा श्री रतन प्रोपर्टी प्राईवेट लिमिटेड के नाम से फर्म को रजिस्ट्रर्ड करवाकर कस्बा भीनमाल में श्री क्षेमंकरी माता नगर आवासीय योजना व श्री रतन वाटिका के नाम से फर्जी/कूटरचित कॉलोनी को काटकर उक्त कॉलोनी में प्लॉट को मासिक किश्तों में देने का प्रलोभन देकर बड़ी आर्थिक धोखाधड़ी की गई।

## जुआ व आबकारी के प्रकरण दर्ज

**जोधपुर**, (कासं)। गुरूवार की सांय को गश्त और नाकाबंदी करते हुए अभियान चलाया। माइनर एक्ट में कार्रवाई करते हुए अवैध शराब बेचने वाले और सार्वजनिक स्थानों पर जुआ खेलने वालों को पकड़ा गया।

पुलिस आयुक्त राजेंद्र सिंह के निर्देश पर सूरसागर थाने के एसआई कैलाश पंचारिया ने मणाई गांव में अवैध रूप से शराब बेच रहे भवानी सिंह पुत्र मालम सिंह को गिरफ्तार कर बेचने को रखी अवैध शराब जब्त की। बासनी थाने के एसआई सुरेश कुमार ने कंटेनर डिपो के पास अशोक सिंह पुत्र कन्धई सिंह को गिरफ्तार कर बेचने को रखे 61 पव्वे जब्त किए। करवड़ थाने के एएसआई महादेव प्रसाद ने गंगाणी सरहद में अवैध रूप से शराब बेच रहे भाकरराम पुत्र हीराराम भाट को गिरफ्तार कर अवैध शराब जब्त की। बासनी थाने के एएसआई चेतन कुमार ने कंटेनर डिपो के पास खाईवाली कर रहे पवन सुथार पुत्र राजेन्द्र सुथार, थाने के हैडांस्टेबल रामलाल ने लॉजिस्टिक फैक्ट्री के पास गुब्बाखाई कर रहे हरीश पुत्र नरेश पंजाबी, एएसआई भंडाराम ने उमाशंकर, हैड कांस्टेबल किशनाराम ने ईश्वरदास को पकड़ा।

उत्तर पश्चिम रेलवे

ई-निविदा सूचना

डी.आर.एम./ कर्षण वितरण, उत्तर पश्चिम रेलवे, जोधपुर द्वारा भारत के राष्ट्रपति के वास्ते एवं मंडल की ओर से निम्नलिखित कार्य के लिए ई-निविदा आमंत्रित करते हैं। (1) निविदा संख्या: 05-TRD-JU-ETENDER-24-25R2 कार्य का नाम: Outsourcing of maintenance of PSI assets under JOR, MBNL, DQN OHE cum PSI depot in SMR-BLDI section and DNA, DIA and SUGH OHE cum PSI depot in DNA-RTGH section over Jodhpur Division for period of 2 years. कार्य की अनुमानित लागत: ₹ 15777742.00/- (2) निविदा संख्या: 08-TRD-JU-ETENDER-24-25 कार्य का नाम: Outsourcing of maintenance of PSI assets under NAC OHE cum PSI depot in FL-RKB section and OSN & POK OHE cum PSI depot in RKB-JSM section over Jodhpur Division for period of 2 years. कार्य की अनुमानित लागत: ₹ 12633328.00/- (3) निविदा संख्या: 09-TRD-JU-ETENDER-24-25 कार्य का नाम: Outsourcing of maintenance of OHE under JOR OHE cum PSI depot over Jodhpur Division for a period of two years. कार्य की अनुमानित लागत: ₹ 12397400.45/- (4) निविदा संख्या: 10-TRD-JU-ETENDER-24-25 कार्य का नाम: Outsourcing of maintenance of OHE under MBNL OHE cum PSI depot over Jodhpur Division for a period of two years. कार्य की अनुमानित लागत: ₹ 9880476.06/- (5) निविदा संख्या: 11-TRD-JU-ETENDER-24-25 कार्य का नाम: Outsourcing of maintenance of OHE under DQN OHE cum PSI depot over Jodhpur Division for a period of two years. कार्य की अनुमानित लागत: ₹ 7829130.71/- (1) सम्पूर्ण जानकारी के लिए वेबसाइट का पता: http://www.ireps.gov.in (2) ई-निविदाएं प्रस्तुत करने की तिथि व समय: 07.10.2024 को 15.00 बजे तक। (3) ई-निविदाएं खोलने की तिथि व समय: 07.10.2024 को 15.00 बजे के बाद। 1065-DK/24

हमें /NWRailways /NWRailways_ पर फॉलो करें

राजस्थान सरकार

सूक्ष्म एवं लघु उद्यम सुविधा परिषद, उदयपुर संभाग

जिला उद्योग एवं वाणिज्य केन्द्र, उदयपुर

मादड़ी इण्ड. एरिया, प्रतापनगर, उदयपुर

E-mail- msefc.udr@rajasthan.gov.in

कमांक एफ. 9()MSEFC/FC-VI/ Meeting/2024/627 दिनांक: 13/06/24

APEX TARMAC PVT. LTD. C/O USMAN BAVAN, MAHADEV NAGAR, PLOT NO. 72, PAL ROAD, JODHPUR, RAJASTHAN- 342008

अंतिम नोटिस

केस नंबर- RJ/33/S/UDR/00275

M/s TRACKSTAR INDUSTRIES (Harsh Dubey) Flat No-G-192- RIICO INDUSTRIAL AREA, KALADWAS, UDAIPUR, IID CENTRE, UDAIPUR द्वारा आपको आपूर्ति/ सेवा किए गए PVC SPEED BREAKER, GANTRYLEVER FIXING -2 NOS की विलंबित भुगतान राशि रूपए 350630/- का भुगतान आप द्वारा आपूर्तिकर्ता इकाई को नहीं किए जाने के कारण आपूर्तिकर्ता द्वारा एमएसएमईडी एक्ट, 2006 की धारा 18 के अंतर्गत सुविधा परिषद को रेफरेन्स प्रस्तुत करने पर मीटिंग नोटिस दिनांक 15.02.2023, 17.03.2023, 12.04.2023, 10.05.2023, 14.07.2023, 07.12.2023 व 06.05.2024 में आपूर्तिकर्ता व आपको मीटिंग नोटिस बैठक दिनांक 27.02.2023, 13.03.2023, 17.04.2023, 25.05.2023, 28.07.2023, 15.12.2023 व 17.05.2024 रजिस्टर्ड डाक/ ईमेल से प्रेषित किया जाकर, वाद के संबंध में सुविधा परिषद के समक्ष उपस्थित होने हेतु लिखा गया। सुविधा परिषद के समक्ष आपकी ओर से कोई उपस्थित नहीं हुआ। आपके बार-बार अनुपस्थित होने एवं परिषद के निर्देशों की पालना नहीं करने को परिषद द्वारा गंभीरता से लेते हुए प्रकरण में कॉन्सिलेशन की प्रक्रिया को समाप्त कर एमएसएमईडी एक्ट, 2006 की धारा 18 (3) के अंतर्गत ऑर्बिट्रेशन की प्रक्रिया शुरू करते हुए निर्देशित किया गया कि क्रेता के क्षेत्र में राष्ट्रीय स्तर के समाचार पत्र के माध्यम से आपूर्तिकर्ता स्वयं के व्यय पर क्रेता के लिए सुनवाई के अंतिम अवसर की लोक सूचना प्रकाशित करावें।

अतः अंतिम नोटिस के जरिए आपको सूचित किया जाता है कि आपूर्तिकर्ता इकाई को विलंबित बकाया भुगतान न किए जाने के संबंध में अपना प्रत्युत्तर अविलंब प्रस्तुत करें, अन्यथा राजस्थान सूक्ष्म एवं लघु उद्यम सुविधा परिषद नियम-2018 के प्रावधान के अनुसार विलंबित भुगतान चक्रवृद्धि ब्याज लगाकर उपलब्ध तथ्यों के अनुसार अवार्ड पारित कर दिया जावेगा।

(शैलेन्द्र शर्मा) संयुक्त आयुक्त, अध्यक्ष सुविधा परिषद, उदयपुर संभाग

# भारत को विकसित बनाने में नई पीढ़ी की भूमिका महत्वपूर्ण : महंत प्रतापपुरी

**पोकरण/रामदेवरा,** (नि.सं.)। सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के केंद्रीय संचार ब्यूरो, क्षेत्रीय कार्यालय, जोधपुर एवं डूंगरपुर इकाइयों द्वारा स्थानीय ग्राम पंचायत रामदेवरा, पंचायत समिति सांकड़ा, जिला प्रशासन जैसलमेर, रामदेव युवा मंडल जालमपुरा, श्री करणी विद्या मंदिर उच्च माध्यमिक विद्यालय पोकरण के सहयोग से मेला चौक रामदेवरा में सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं पर विचार गोष्ठी को संबोधित करते हुए पोकरण विधायक महंत प्रतापपुरी महाराज ने लोक देवता बाबा रामदेव जी की इस पवित्र नगरी जहां लाखों की तादाद में मेलार्थियों एवं श्रद्धालुओं एवं आमजन को संबोधित करते हुए कहा की भारत को 2047 तक विकसित बनाने में युवा पीढ़ी की महत्वपूर्ण भूमिका होगी क्योंकि यही पीढ़ी आने वाले समय मे भारत को विकसित बनाने के लिए नेतृत्व संभालेगी।



पोकरण विधायक महंत प्रतापपुरी महाराज के सानिध्य में मेला चौक रामदेवरा में सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं केंद्र सरकार की योजनाओं पर गोष्ठी का आयोजन किया। फोटो-राष्ट्रदूत

सहायक मेला अधिकारी एवं तहसीलदार पोकरण पारसमल राठौर ने अटल सेवा केंद्र रामदेवरा में पर्यावरण पर एक पेड़ मां के नाम के अंतर्गत अमरूद, गुड़हल, शीशम, नीम, जामुन इत्यादि का मुख्य अतिथि के रूप में पधारकर पौधारोपण किया।

इसी क्रम में श्री करणी विद्या मंदिर उच्च माध्यमिक विद्यालय पोकरण के शिक्षाविद एवं निदेशक अशोक चारण ने राजभाषा हिंदी 14 सितंबर की पूर्व संध्या पर हिंदी के महत्व एवं हिंदी को बढ़ावा देने पर संक्षिप्त जानकारी प्रदान की इसी क्रम में विद्यालय के प्रधानाचार्य एम अख्तर ने हिंदी हमारी राष्ट्रभाषा एवं मातृभाषा है जिस पर हमें गर्व है युवा पीढ़ी को हिंदी के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की। केंद्रीय संचार ब्यूरो जोधपुर एवं डूंगरपुर इकाइयों ने केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजना स्वच्छता की सेवा, राष्ट्रीय पोषण, राजभाषा हिंदी इत्यादि इत्यादि विषयों पर विभाग द्वारा मौखिक प्रश्नोत्तरी, निबंध एवं भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसी क्रम में केंद्रीय संचार ब्यूरो प्रादेशिक कार्यालय जयपुर के पंजीकृत दल गौतम परमार एंड पार्टी बाड़मेर ने सांस्कृतिक कार्यक्रम के माध्यम से पोषण पर नृत्य के साथ में प्रस्तुति दी इसी अवसर पर पंचायत समिति सांकड़ा के विकास अधिकारी नरपत सिंह भाटी, सहायक मेला अधिकारी एवं तहसीलदार पोकरण पारसमल राठौर, ग्राम विकास अधिकारी रामदेवरा चौथाराम भील के साथ कई जने उपस्थित रहे। साथ ही विभाग द्वारा प्रतियोगिता में सफल प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया।

## साइबर थाना पुलिस ने आरोपी जयपुर से पकड़ा

**जोधपुर**, (कासं)। साइबर पुलिस थाना ने एक ऐसी अंतरराष्ट्रीय गैंग का खुलासा किया था जो सस्ती रेट पर शेयर दिलाने व लोन पास करवाने की आड़ में करोड़ों रुपए की ठगी कर चुकी है। पुलिस ने दो आरोपियों को हाल में गिरफ्तार किया था जो दोनों उदयपुर के रहने वाले है। उन्होंने जोधपुर के एक डॉक्टर से करीब 2.18 करोड़ की ठगी की थी। वहीं प्रकरण से जुड़े एक और आरोपी को अब जयपुर से गिरफ्तार कर जोधपुर लाया गया है। आरोपी जयपुर के कालावाड़ महेशकलां राबड़ों की ढाणी निवासी अनोप यादव पुत्र रामनारायण यादव को पकड़ा गया है।

उम्मेद हैरिटेज में रहने वाले डॉ. बलवीर सिंह ने गत 16 मई को रातानाडा थाने में धोखाधड़ी की रिपोर्ट दी थी। बताया कि फेसबुक अकांउट पर ऑनलाइन कोटक पीएमएस साइट पर शेयर व आईपीओ में पैसा लगाने पर मार्केट रेट से पांच प्रतिशत कम रेट पर शेयर मिलने का मैसेज आया। एक एप डाउनलोड करवाया तथा एक आईडी व पासवर्ड दिए दिए। शुरुआत में निवेश पर मार्केट रेट से ज्यादा लाभ मिला। उसके बाद आईपीओ व शेयर में ज्यादा लाभ प्राप्त होने के नाम पर दो करोड़ 18 लाख 97 हजार 797 रुपए की धोखाधड़ी कर ली गई।

कार्यालय नगर परिषद् जैसलमेर (राज.) 345001

क्रमांक/भूमि/2024-25/1221 दिनांक- 12/09/2024

-: आपत्ति सूचना :-

नगर परिषद जैसलमेर द्वारा निम्न खसरों में फार्म हाउस स्कीमो का सजन कर अनुमोदन कराया जाना है उक्त स्कीम निम्नानुसार खसरो पर सजित की जानी है :-

| क्रं सं. | खसरों के नम्बर | किस्म | स्थान |
|---|---|---|---|
| 01 | 732 | गै. मु. आबादी | खुहडी रोड के पूर्व दिशा में जैसलमेर |
| 02 | 722, 723,724, 725 | गै. मु. आबादी | खुहडी रोड के पूर्व दिशा में जैसलमेर |
| 03 | 754/1314/,755,756,758,759 ,762,797,794/1188,798/1315 | गै. मु. आबादी | खुहडी रोड के पूर्व दिशा में जैसलमेर |
| 04 | 123 | गै. मु. आबादी | गोवर्ध्दनदास कल्ला आवासीय योजना उतरी भाग |

प्रस्तावित योजनाओ के पास मास्टर प्लान के अन्तर्गत दर्शित सडके गजरती है उक्त समस्त खसरा नगर परिषद के नाम से दर्ज है , यदि किसी को उक्त मास्टर प्लान में दर्शाई गई सडके जो कि योजनाओ के पास से होकर गुजर रही है पर कोई आपत्ति है तो अपनी सूचना प्रकाशन के सात दिवस में लिखित में कार्यालय मे दर्ज करावें। बादम्याद अग्रिम कार्यवाही की जावेगी ।

आयुक्त

नगर परिषद जैसलमेर

## सार-समाचार

### चिराग बागरेचा हरियाली का चयन किया



चिराग

**जालोर**, (कासं)। 68 वीं जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता शा. फताजी दरगाजी मेडतिया राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय डोरंडा जालोर में आयोजित 17 व 19 वर्ष वर्गीय की कराटे प्रतियोगिता में महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय शांति नगर जालोर कक्षा नवमी का छात्र चिराग गर्ग पुत्र अमृत लाल गर्ग बागरेचा हरियाली को प्रथम पुरस्कार के रूप में स्वर्ण पदक मिला। वही उसका राज्य स्तर पर चयन हुआ। चिराग गर्ग ने बताया कि मैं आगे भी ऐसी प्रतियोगिताओं में भाग लेके अपने माता-पिता एवं विद्यालय,समाज, का नाम रोशन करूंगा एवं मेरे अपने ओर मेरे क्षेत्र की अपेक्षा पर खरा उतरूंगा। इस मौके पर शैल सिंह देवल आयोजन समिति प्रधानाचार्य राउमावि डोरंडा, कुलदीप सिंह, ओम प्रकाश गर्ग शारीरिक शिक्षक मेडा उपरला, दलपत सिंह संयोजक शारीरिक शिक्षक कलापुरा, जालम सिंह . उम्मेद सिंह देवल, सहित उपस्थित रहे।

### शौर्य रैली के साथ मनेगा बलिदान दिवस

**पाली** , (नि.सं.)। पाली शहर के सर्वोदय नगर स्थित रावणा राजपूत सभा भवन मे हैफा हीरो मेजर दलपत सिंह के 106 वें बलिदान दिवस को समारोह पुर्वक मनाने को लेकर मुख्य संरक्षक मूल सिंह भाटी की अध्यक्षता एवं जिलाध्यक्ष प्रमेन्द्र सिंह परिहार के सानिध्य मे आयोजित बैठक की तैयारियो को मूर्त रूप दिया गया। जिला मीडिया प्रभारी विक्रम सिंह परिहार ने बताया कि बैठक मे मुख्य संरक्षक भाटी ने कहा कि आगामी 23 सितम्बर को नया गॉव स्थित हैफा सर्किल से मुख्य कार्यक्रम की शुरूआत होगी। तत्पश्चात शौर्य रेली समेत विभिन्न कार्यक्रमो का आयोजन होगा। इस दौरान शहर के सभी ईकाई अध्यक्षो की उपस्थिति मे अलग अलग टीमे बनाकर कार्यभार सौपा गया। वही जिलाध्यक्ष परिहार ने कहा कि शहीद मेजर दलपत सिंह ने जिस प्रकार इजराईल के हैफा अपनी वीरता का प्रदर्शन किया वह क्षण आज भी सभी समाजबंधुओं के लिए प्रेरणा स्त्रोत है। मेजर साहब का जन्म स्थान पाली जिले मे होना भी हमारे लिए गर्व की बात हैं। इस मोके पर महिला जिलाध्यक्ष सिंधु कंवर,शहर अध्यक्ष रतन सिंह झाला, केसर सिंह मांगलिया, राजू सिंह,संतु सिंह सोलंकी, किशोर सिंह,मदन सिंह, गणपत सिंह दैया, मांगू सिंह गोयल, राणुदान सिंह, बाबू सिंह परिहार, विक्रम सिंह भेंसाणा,ओम सिंह सोढा, राजेन्द्र सिंह आउवा,रेखा कंवर भाटी, सुशिला कंवर, तारा कंवर, संतोष कंवर, इन्द्रा कंवर, अंजली,रेखा गहलोत, मांगू सिंह टाईगर, बाबू सिंह गहलोत,देवी सिंह भाटी, शैतान सिंह, दलपत सिंह, सुमेर सिंह, गोपाल सिंह चावडा,मीठू सिंह देवडा, अमर सिंह गोयल, मंगल सिंह खारडा, लक्षमण सिंह गहलोत , कान सिंह भाटी, महेन्द्र सिंह चौहान, लाल सिंह गहलोत, मूल सिंह पंवार, भीक सिंह सिसोदिया, अशोक कुमार गहलोत, अजय सिंह भाटी, भवानी सिंह भाटी, लक्षमण सिंह सोलंकी, ढगल सिंह चैहान, अजीत सिंह राठौड, महेन्द्र सिंह राठौड, गजेन्द्र सिंह राठौड, महावीर सिंह इंदा समेत विभिन्न ईकाई अध्यक्ष एवं संमाजबंधुओं ने उपस्थित होकर आयोजन को सफल बनाने का संकल्प लिया।

### जवाई नदी में पानी आने से खुशी

**जालोर**, (कासं)। जालोर के सांकरणा लेटा पुलिया पर जवाई नदी में पानी की आवक होने से शिवसेना यूबीटी की ओर से आहोर तहसील के गुडा बालोतान के जवाई नदी की पुजा अर्चना शिवसेना यूबीटी आहोर महिला तहसील प्रमुख झुमीदेवी बामणिया व अन्य महिला कार्यकर्ताओं द्वारा जवाई के जल की पुजा की एवं मिठाई बांटकर खुशी जाहिर की गई। जवाई नदी जालोर के किसानों के लिए एक गंगा नदी से कम नहीं। शिवसेना आहोर महिला तहसील प्रमुख झुमीदेवी बामणिया ने कहा कि जालोर जिले की जीवन रेखा माने जाने वाली जवाई नदी की सहायक सुकडी नदी का पानी आने पर जवाई नदी के किनारे बसे गांव के किसानों में खुशी की लहर सा गई है एवं कहा कि हम ईश्वर से यह कामना करते है कि हर साल इसी तरफ हर गांव तक जवाई नदी का पानी पंहुचे। ताकि जवाई में पानी की आवक होने से जवाई नदी के किनारे वाले कुओं का जल स्तर उपर उठं। इस दौरान मौंके पर शिवसेना तहसील सचिव गोमती जोगसन तहसील उपप्रमुख ममता बाराडा, पवनी देवी, शारदादेवी, पुनिता बरांडा टीना, भूमिका, रविना, छगनी, कमलेशजी, भंवरसिंह, विरेन्द्रकुमार, संजु, पुष्कर, दिलीपकुमार पायल आदि कई लोग मौके पर उपस्थित रहे।

### सांसद नायक आज लेंगे भाजपा सदस्यता

जैसलमेर, (नि.सं.)। भाजपा ओबीसी मोर्चा गुजरात के प्रदेशाध्यक्ष एव राज्यसभा सांसद मयंक भाई नायक आज 14 सितंबर शनिवार को दोपहर 3 बजे भाजपा ज़िला कार्यालय में सदस्यता अभियान को लेकर समीक्षा बैठक कर कार्यकर्ताओं से फीड बेक लेंगे व घर घर जनसंपर्क अभियान को बढ़ावा देने पर चर्चा करेंगे। ज़िला मीडिया प्रभारी बाबू लाल शर्मा ने बताया की भाजपा ज़िलाध्यक्ष चन्द्र प्रकाश शारदा ने ज़िले के सभी अपेक्षित पदाधिकारी व जन प्रतिनिधि यथा प्रदेश पदाधिकारी, सदस्यता अभियान की पूरी टोली, सांसद, पूर्व सांसद, विधायक, पूर्व विधायक, विधान सभा प्रत्याशी, ज़िला प्रमुख, उप ज़िला प्रमुख, प्रधान, उप प्रधान, सभापति नगर परिषद, उप सभापति, ज़िला परिषद एव प.स.सदस्यों को भाग लेने हेतु कहा गया है। सदस्यता अभियान के ज़िला सयोजक सवाई सिंह गोगली ने बताया की ज़िले में सदस्यता अभियान का कार्य तेज़ी से चल रहा है।

### राजस्थान जल महोत्सव 14 को

**सांचौर**, (कासं)। जिले में ग्रामीण एवं पंचायती राज विभाग, राजस्थान सरकार के निर्देशानुसार 14 सितंबर, जलझूलनी एकादशी के अवसर पर राजस्थान जल महोत्सव 2024 का आयोजन किया जाएगा। जिला परिषद के अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी हनुमाना राम बेनीवाल ने बताया कि कार्यक्रम के तहत जिला स्तर, ब्लॉक स्तर, नगर निकाय एवं ग्राम स्तर पर जल संरक्षण विषय पर सांस्कृतिक कार्यक्रम, नुक्कड नाटक, निबंध प्रतियोगिता सहित विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन सांचौर पंचायत समिति की ग्राम पंचायत चौरा स्थित वेडयि तालाब पर शाम 4 बजे से किया जाएगा। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधिगण, जिला स्तरीय अधिकारी कार्मिक एवं लोग उपस्थित रहेंगे।

### गोगा मेला में गई महिला की कंठी चोरी

**जोधपुर**, (कासं)। निकटवर्ती डांगियावास में गुरूवार को गोगा नवमी मेले में एक महिला के गले से कंठी चोरी हो गई। कंठी का वजन दो तोला था। इस बारे में अब डांगियावास थाने में मामला दर्ज कराया गया है। फिलहाल इसका पता नहीं चला है। डांगियावास पुलिस ने बताया कि मथानिया स्थित रामपुरा भाटियान की रहने वाली उम्मेदी देवी पत्नी रामलाल जाट गुरूवार को गोगा नवम पर डांगियावास में सांवलियाजी के मेले में आई थी। मेले में अत्यधिक भीड़ के बीच उसकी दो तोला कंठी पार हो गई। कंठी भीड़ में नीचे गिरी अथवा किसी ने चुराई इस बारे में पता लगाया जा रहा है। मेले में लगे सीसीटीवी कैमरों से पता लगाने का प्रयास जारी है।

### ए.एस.पी. का अभिनंदन किया

**जालोर**, (कासं)। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रामेश्वर मेघवाल का चयन एसीबी सिरोही पद होने पर आर्य वीर दल व आर्य समाज द्वारा अभिनंदन किया गया। इस मौके पर मेघवाल ने कहा कि आर्य वीर दल का समाज हित में सदैव सहयोग रहता है ।इस अवसर पर सरक्षक दलपत सिंह आर्य, अध्यक्ष कृष्ण कुमार,संचालक प्रशांत आर्य, महामंत्री शिवदत्त आर्य, कोषाध्यक्ष विनोद आर्य व पूर्व पार्षद भारत मेघवाल उपस्थित थे।

### दर्जी समाज के लोग नंदगांव रवाना

**धोरीमन्ना**, (निसं)। पीपा क्षत्रिय दर्जी समाज कल्याण संस्थान धोरीमना से तीर्थ यात्रा एवं गौ माता दर्शन करने को लेकर बस द्वार यात्रा नंदगांव के लिए रवाना हुए। धोरीमन्ना क्षेत्र के दर्जी समाज के गौ माता भक्तगण तीर्थ यात्रा में 65 जाने भाग ले रहे हैं। यात्रियों को अध्यक्ष गणेशाराम बाटा ने हरी झंडी दिखाकर यात्रा को शुभारंभ किया। इस अवसर पर सैकडो की संख्या में समाज बंधु उपस्थित रहे।

# तेजा दशमी पर जाट समाज ने प्रतिभाओं का सम्मान किया



जालोर में वीर तेजा दशमी पर जाट समाज का सम्मेलन आयोजित हुआ। फोटो-राष्ट्रदूत

**जालोर**, (कासं)। तेजा दशमी पर जालोर में जाट समाज की ओर से शुक्रवार को धवला रोड़ स्थित जाट हॉस्टल में जाट प्रतिभाओं का सम्मान समारोह आयोजित हुआ। साथ ही सम्मेलन में समाजबंधुओं ने समाज विकास पर चर्चा की।

तेजा दशमी के अवसर पर शुक्रवार सुबह वीर तेजाजी की महाआरती हुई। जिसमें तेजाजी की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर पूजा अर्चना की गई। उसके बाद हॉस्टल परिसर में शूटिंग वॉलीबॉल प्रतियोगिता फाइनल मैच का आयोजन किया गया। जिसमें प्रतिभागियों ने बेहतरीन खेल का प्रदर्शन किया। उसके बाद कार्यक्रम के तहत महिला सांस्कृतिक कार्यक्रम में महिलाओं व बच्चों ने गीतों पर प्रस्तुतियां दी। तेजा गायन पर मनमोहक नृत्य किया। इससे पहले तेजा दशमी महोत्सव के तहत गुरुवार शाम को शहर में भव्य शोभायात्रा निकाली गई। साफा और धोती-कुर्ता पहन जाट समाजबंधु शोभायात्रा में तेजा गायन पर झूमते हुए पैदल चले। साथ ही यात्रा में बड़ी संख्या में लग्जरी वाहन व ट्रैक्टर शामिल कर किसान एकता का संदेश दिया।

वही शुक्रवार को सम्मेलन के दौरान जाट समाज की प्रतिभाओं का सम्मान किया गया। जिसमें स्कूली, कॉलेज समेत शैक्षणिक व गैर शैक्षणिक गतिविधियों में समाज का नाम रोशन करने वाली प्रतिभाओं को सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में राजस्थान सरकार के पूर्व मंत्री हेमाराम चौधरी ने भी शिरकत की। पूर्व मंत्री चौधरी ने सम्मानित प्रतिभाओं की हौसला अफजाई करते हुए कहा कि शिक्षा ही समाज को मजबूती प्रदान करती है। हमें अपने लक्ष्य पर ध्यान बनाए रखना चाहिए। संस्था अध्यक्ष सुखराम चौधरी ने संस्था की ओर से किये गए कार्यो से अवगत कराया।

इस दौरान राजू चौधरी, सुरेश चौधरी, मोहनलाल गिठाला, रामनिवास जाट, डॉ. कमलेश चौधरी, कमल कुमार, सुभाष रॉयल, महेश ढाका, भंवरलाल छबरवाल, रामप्रकाश, नरेंद्र कुमार, ताराचंद, रामलाल, अजयसिंह समेत काफी संख्या में जाट समाजबंधु कार्यक्रम में शामिल हुए।

### तेजाजी महाराज के सिद्धांतों से प्रेरणा लें : जोगाराम पटेल

**जोधपुर**, (कासं)। संसदीय कार्य विभाग, विधि एवं विधिक कार्य मंत्री जोगाराम पटेल ने शुक्रवार को शिव गांव, लूणावास भाकर में आयोजित 'तेजा दशमी' महोत्सव के अवसर पर लोकदेवता वीर तेजाजी महाराज के दर्शन किए और मेले में उमड़े हजारों भक्तों के साथ श्रद्धा और आस्था से परिपूर्ण कार्यक्रम में सम्मिलित हुए।

मंत्री पटेल ने इस अवसर पर वीर तेजाजी महाराज के प्रति अपनी आस्था प्रकट करते हुए कहा कि तेजाजी महाराज के सिद्धांत हमें सच्चाई, न्याय और परोपकार का मार्ग दिखाते हैं।तेजाजी महाराज की वीरता, बलिदान और सच्चाई की कहानी सदियों से लोगों के लिए प्रेरणादायक रही है। उन्होंने उपस्थित जनसमूह से आ ान किया कि हमें उनके जीवन से सीख लेकर आपसी भाईचारा और सहयोग का संदेश फैलाना चाहिए।

पूर्व प्रधान शेलाराम सारण, उपप्रधान पंचायत समिति धवा शेराराम पावड़, रावताराम वींजारिया, भंवराराम, ओमाराम गोदारा, छोटू सिंह, ख़िवराज सहित अनेक लोग उपस्थित थे।

# कुश्ती-बॉक्सिंग में लालपोल के बच्चों ने पदक जीते



राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय लालपोल जालोर के विद्यार्थियों ने कुश्ती व बॉक्सिंग प्रतियोगिता में पांच पदक जीते। फोटो-राष्ट्रदूत

**जालोर**, (कासं)। 68 वीं जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता मे राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय लालपोल के छात्र-छात्राओ ने कुश्ती व बॉक्सिंग प्रातियोगिताओं में पांच पदक ने जीते।

शारीरिक शिक्षक दलपत सिंह आर्य ने बताया कि कुश्ती में 30 किलोग्राम भार वर्ग में बसंती कुमारी, 33 किलोग्राम में वर्षा कुमारी व 39 किलोग्राम में चिंटू ने रजत पदक प्राप्त किया। बसंती कुमारी को प्रतियोगिता का प्रतिभावान खिलाड़ी का पुरुस्कार दिया गया। जनरल चैंपियनशिप में विद्यालय का तीसरा स्थान है।

इसी प्रकार बॉक्सिंग के 30 किलोग्राम भार वर्ग में कृष्ण कुमार और 32 किलोग्राम भार वर्ग में राकेश कुमार ने कांस्य पदक जीता।

पदक जीतने पर संस्था प्रधान श्याम सिंह मेडतिया, राजेश बालोत, राजबाला पुनिया व पूजा शर्मा ने उन्हें बधाई दी।

# जसोल में राणी भटियाणी का मेला परवान पर



राणी भटियाणी मन्दिर संस्थान जसोल की पहल से भोजन प्रसादी व कन्या पूजन का लाभ सीधा श्रद्धालुओं को मिल रहा है। फोटो-राष्ट्रदूत

**बालोतरा/जसोल**, (निसं)। आस्था की नगरी जसोल धाम में श्री राणीसा भटियाणीसा का मेला परवान पर है। प्रतिदिन मंगला आरती के साथ हजारों श्रद्धालुओं को मां के दर्शन हो रहे है।

ऐसे में श्री राणी भटियाणी मन्दिर संस्थान, जसोल की ओर से दर्शनों को आने वाले श्रद्धालुओं के लिए सुरक्षा की माकूल व्यवस्था की गई है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार श्रद्धालुओं के लिए छाया, पानी, चिकित्सा व प्रसादी चढ़ाने की उचित व्यवस्था की गई है। जिसका श्रद्धालु लाभ ले रहे है।

संस्थान की ओर से शुरू की गई भोजन प्रसादी व कन्या पूजन का लाभ सीधा श्रद्धालुओं को मिल रहा है। श्रद्धालु अपने परिवार के साथ पहुंच पूजा अर्चना कर लाभ ले रहे है।

श्रद्धालु संस्थान की इस पहल का स्वागत कर रहे हैं।

इसी कड़ी में भाद्रपद शुक्ल पक्ष दशमी को भोजनप्रसादी (अन्नपूर्णा प्रसादम) का लाभ राजेश कुमार, दिनेश कुमार प्रजापत सुपुत्र ओमप्रकाश मोनणीया प्रजापत बालोतरा द्वारा लिया गया। साथ ही इन लाभार्थियों द्वारा जसोल सर्व समाज की कन्याओं का पूजन कर अन्न प्रसादम करवाया गया।

इस दौरान ओमप्रकाश, बाबूलाल, राजेश, दिनेश, चेतन, सूरज, राजू, गणपत, सुमित, पीयूष, विशाल प्रजापत (मोनणीया) परिवार सहित जसोल मां के अनन्य भक्तगण मौजूद रहे।

भाद्रपद शुक्ल त्रयोदशी की पूर्व रात्रि पर जसोल धाम में जसोल मां के नाम रात्रि जागरण का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम के दौरान लोक कलाकार कुटला खां मय टीम (मांगनियर) एवं देशी वीणा भजन कलाकार महेशाराम द्वारा सुमधुर वाणी में प्रस्तुतियां दी जाएगी।

### दुपहिया वाहन व कार ले गए चोर

**जोधपुर**, (कासं)। वाहन चोरों ने दुपहिया वाहनों के साथ एक कार को भी उड़ाया है। पुलिस सीसीटीवी फुटेज खंगालने के बावजूद निराश है।

सरदारपुरा थाने में दी रिपोर्ट में बियरिंग के कारोबारी अभय पुत्र नंदशिोर माहेश्वरी ने पुलिस को बताया कि प्रथम सी रोड पर उसके घर के बाहर रात दस बजे कार को खड़ा किया गया था। सुबह आठ बजे उठने पर यह कार अपनी जगह पर नहीं मिली। सरदारपुरा पुलिस अब फुटेज से कार ले जाने वाले का पता लगा रही है। फिलहाल कार का पता नहीं लगा है।

वहीं विवेक विहार थाना पुलिस ने बताया कि देचू के मंडला हाल कुड़ी भगतासनी सेक्टर 3 निवासी प्रमोद मेघवाल पुत्र बाबूलाल मेघवाल ने दी रिपोर्ट में बताया कि उसके घर के बाहर खड़ी की उसकी बाइक को अज्ञात वाहन चोर चुराकर ले गया। इसी तरह बोरानाडा पुलिस के अनुसार बंजारा बस्ती केलवाड़ा जिला बारां हाल राघव फैक्ट्री बोरानाडा के पास झोपड़पट्टी में रहने वाले सुदेव पुत्र निमाराम भाट की बाइक भी वहां से चोरी हो गई। इधर शेरगढ़ के सोलंकियातला निवासी यशवीर सिंह पुत्र राजेन्द्र सिंह शास्त्रीनगर पुलिस को बताया कि 12 वीं रोड चौराहा पर खड़ी की उसकी बाइकचोरी हो गई। जबकि देवनगर पुलिस ने बताया कि राजीव गांधी कॉलोनी पाल लिंक रोड निवासी नरपत सिंह रावत पुत्र नारायण सिंह रावत की बाइक उसके घर के आगे से चोरी हो गई। इसी प्रकार प्रतापनगर थाने में दी रिपोर्ट में ज्वाला विहार निवासी रमेश मुलचंदानी पुत्र सुंदर दास सिंधी ने पुलिस को बताया कि वह प्राकृतिक चिकित्सालय आया था। जहां पर बाहर पार्किंग में खड़ी की उसकी मोपेड एक्टिवा को कोई ले गया।

# बाबा रामदेव के मंदिरों में उमड़ी भीड़



पाली में लोक देवता बाबा रामदेव के मंदिर में आकर्षक सजावट की गई। फोटो-राष्ट्रदूत

**पाली**, (नि.सं.)। भादवा की दशम के अवसर पर पाली शहर के बाबा रामदेव मंदिरों में सुबह से ही दर्शनार्थियों की भीड़ रही।

इसी क्रम में शहर के गुमटी स्थित छोटे रुणिचे धाम मैं कई पैदल यात्री नाचते गाते पैदल झंडा लेकर पहुंचे और बाबा के दर्शन का नारियल धूप अगरबत्ती कर मनोकामना पूर्ण की। यहां दिन पर मेला सा लगा रहा। रामदेव रोड स्थित बाबा रामदेव मंदिर में भी शाम 5 बजे से शहर वासी दर्शनों के लिए पहुंचे। यहां भी मेला लगा रहा। बाजार में गोल निंबड़ा स्थित बाबा रामदेव मंदिर, मांड्या रोड स्थित खटीक समाज बाबा रामदेव मंदिर में दर्शनों की भीड़ रही।

# उत्कर्ष के 22 वर्ष पूर्ण, विद्यार्थियों की मौजूदगी में कार्यक्रम आयोजित



उत्कर्ष ने जोधपुर में एस. एन. मेडिकल कॉलेज के ऑडिटोरियम में कार्यक्रम आयोजित किया।

**जोधपुर**, (कासं)। उत्कर्ष क्लासेस की स्थापना के 22 वर्ष पूरे हो चुके हैं। वर्षगाँठ के इसी अवसर पर 13 सितंबर सुबह 10 बजे से संस्था द्वारा विशेष कार्यक्रम एस. एन. मेडिकल कॉलेज के ऑडिटोरियम में आयोजित किया गया। जहां संस्था प्रमुख डॉ. निर्मल गहलोत, सह-संस्थापक तरुत्त गहलोत, सीओओ सुभाष भौमिक, सीबीओ अर्पित पारिक, सिटीओ सौरव जैन, सिटी हेड दीपक कुमार, कुमार गौरव, अक्षय गौड सहित समस्त गुरुजन व विभाग प्रमुख व अ?य स्टाफ मौजूद रहे।

### मंच पर विद्यार्थियों के भी थिरके कदम

सरस्वती वंदना से प्रारंभ हुए इस रंगारंग कार्यक्रम में विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति ने सभी का मन मोह लिया। गीत-संगीत के सुर-ताल में विद्यार्थियों के साथ-साथ गुरुजनों के कदम थिरकने पर मजबूर हुए। केसरिया बालम पधारों म्हारे देस, भिवाई, कालबेलियाँ, होली त्यादि लोक नृत्यों तथा गीतों के मा?यम से कलाकारों ने सभी को झूमने पर मजबूर कर दिया।

### कामयाबी के लिए सपने महान देखें : डॉ. निर्मल गहलोत

उत्कर्ष की 22वीं वर्षगाँठ के मौके पर उत्कर्ष क्लासेस के संथापक व निदेशक डॉ. निर्मल गहलोत ने समारोह में आए आगंतुकों सहित समस्त विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए अपने विचार प्रकट किए।

अपने व्यक्तव्य में उन्होंने सफलता के लिए सर्वप्रथम महान सपने देखने को अनिवार्य शर्त बताया।

इन सपनों को पूरा करने के लिए दृढ संकल्प व धैर्य के साथ कडी मेहनत करने पर जोर दिया।

विद्यार्थियों के लिए इस अवसर की खुशी बढाते हुए संस्था ने उत्कर्ष एप में उपलब्ध 650 से अधिक ऑनलाइन कोर्सेस पर आगामी 16 सितंबर तक 22 प्रतिशत की अतिरिक्त छूट प्रदान करने की घोषणा की।

इसके तहत उत्कर्ष एप के ऑनलाइन कोर्सेस में एनरोल करते हुए विद्यार्थी कूपन कोड यूसी 22 अप्लाई कर यह अतिरिक्त छूट प्राप्त कर लाभान्वित हो सकते हैं।

गौरतलब है कि उत्कर्ष एप में आईएएस, आरएएस, यूपीपीसीएस, एमपीपीएससी, बीपीएससी, बीएसएससी, आरएएस, एसएससी, बैंक, रेलवे, केन्द्रीय शिक्षक पात्रता परीक्षा (सीटेट) इत्यादि के अतिरिक्त उ?ार प्रदेश तथा अन्य राज्यों के विभिन्न राज्य स्तरीय प्रतियोगी परीक्षाओं सहित नीट-जेईई, सीयूईटी, डिफेंस, नर्सिंग, कृषि, न्यायिक सेवा परीक्षा इत्यादि के ऑनलाइन कोर्सेस तथा सीबीएसई एवं विभिन्न राज्य बोर्ड के तहत कक्षा 6 से 12 तक (हिंदी व अंग्रेजी माध्यम) के ऑनलाइन ट्यूशन कोर्सेस उपलब्ध हैं। इन सभी श्रेणियों पर यह डिस्काउंट दिया जा रहा है। इसके अतिरिक्त ई-मित्र, आर. के. सी. एल तथा सीएससी के माध्यम से कोर्स प्राप्त करने पर 10 प्रतिशत का अतिरिक्त डिस्काउंट प्राप्त किया जा सकता है।

# गणेश प्रतिमाओं का विसर्जन

**रेवदर**, (निसं)। रेवदर क्षेत्र में मंडार कस्बे सहित आसपास के गांवों में गणेश महोत्सव के अवसर पर जगह-जगह पर गणपति प्रतिमा की स्थापना करने के साथ ही गणपति महोत्सव का शुभारंभ किया गया था तथा 7 दिवसीय धार्मिक व सांस्कृतिक कार्यक्रम का उत्साहपूर्वक आयोजन हुआ।

कस्बे के विभिन्न जगहों पर शिवसेना के बैनर तले विराजमान गणेश महोत्सव को शुक्रवार को गणेश प्रतिमा विसर्जन के साथ समापन किया गया। गणेश चतुर्थी पर गणेश प्रतिमा की स्थापना मैनबाजार,आदर्श स्कूल के पास ,दादाबाडीरोड ,तीनबत्ती तिराहा पर गणेश मूर्ति की स्थापना की गई थी। स्थापना करने के साथ ही महोत्सव का शुभारंभ किया गया था तथा 7 दिवसीय धार्मिक व सांस्कृतिक कार्य म का आयोजन हुआ था,गणेश महोत्सव को लेकर महिलाओं एवं बच्चों में काफी उत्साह देखा गया, गणेश विसर्जन की शोभायात्रा मुख्य बाजार ,तीन बत्ती तिराहा,बस स्टैंड होते हुए निकली इस अवसर पर शोभायात्रा में गणपति की शोभायात्रा में बालिकाओं ने सिर पर कलश धारण किए आगे की और चल रही थी वहीं श्रद्धालुओं ने ढोल धमाके के साथ नाच गान कर गणपति बप्पा के जयकारे गुंजायमान हो गए। एक साथ विसर्जन मंडार के समीप बुढेश्वर बांध में किया। शोभायात्रा में प्रसाद के रूप में लड्डू, भी बांटे गए , गणेश महोत्सव को लेकर बच्चों में काफी उत्साह देखा गया। इस मौके पर शिवसेना के जिला संयोजक देवाराम रावल , उपजिला प्रमुख बलवंतसिंह हुम्बड , शिवसेना किसान संघ के अमरसिंह देवल, नगरपमुख रमेश कोली, गणपतसिंह राणावत आदि मौजूद रहे।

